



नवभारत
भोपाल, शनिवार, 18 जुलाई 2026

# स्मार्ट मीटर बायपास कर हो रही थी बिजली चोरी

## 140 उपभोक्ता पकड़े गए, 80 मामलों में पंचनामा, नोटिस जारी

**छतरपुर, 17 जुलाई. मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी ने जिले में बिजली चोरी के खिलाफ तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की है. अभियान के दौरान शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 140 उपभोक्ता बिजली चोरी करते पकड़े गए, जबकि 80 मामलों में मौके पर ही पंचनामा तैयार किया गया.जांच में कई उपभोक्ता स्मार्ट मीटर को बायपास कर सीधे लाइन से बिजली का उपयोग करते मिले.**

कार्यपालन अभियंता अमर श्रीवास्तव के निर्देश पर गठित टीमों ने छतरपुर शहर के अलावा नौगांव, हरपालपुर, कदवां, पड़ारिया, निवारी, राधेपुर, नारायणपुरा, माधवपुर, देवपुर, टीकर और कटरा सहित कई

**शमन शुल्क नहीं भरने पर होगी कानूनी कार्रवाई**

ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ जांच अभियान चलाया. जांच के दौरान कई घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में स्मार्ट मीटर से छेड़छाड़ कर एसी, कूलर, हीटर, इंडक्शन जैसे अधिक बिजली खपत वाले उपकरण अवैध रूप से संचालित किए जाते पाए गए. बिजली कंपनी ने सभी मामलों में विद्युत अधिनियम की धारा 135, 126 और 138 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है. संबंधित उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं. विभाग ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय सीमा में शमन शुल्क और क्षतिपूर्ति राशि जमा नहीं करने वालों के खिलाफ न्यायालय में प्रकरण दर्ज कराया जाएगा, जिसमें जुर्माने के साथ जेल का भी प्रावधान है..



# महिला ने युवक को सड़क पर दौड़ाया

**छतरपुर, 17 जुलाई.** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित संकट मोचन तिराहे पर देर शाम एक महिला द्वारा बीच सड़क पर युवक का पीछा किए जाने का मामला सामने आया है. घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और राहगीरों की भीड़ जुट गई.

पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर

**बीच सड़क विवाद से मची अफरा-तफरी**

**पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर शुरू की जांच**

तेजी से वायरल हो रहा है.प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला और युवक के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था. विवाद बढ़ने पर महिला गुस्से में युवक के पीछे दौड़ती नजर आई. सड़क पर काफी देर तक चले इस घटनाक्रम के चलते यातायात भी प्रभावित हुआ और आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे. वीडियो वायरल होने के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है.



पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। फिलहाल विवाद के कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी है..पुलिस के अनुसार, जांच पूरी होने और संबंधित पक्षों के बयान दर्ज होने के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी. फिलहाल किसी पक्ष की ओर से औपचारिक शिकायत दर्ज होने की जानकारी सामने नहीं आई है.

## एसपी ने जागरुकता रथ को दिखाई हरी झंडी

**सीहोर.** नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत एसपी श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना द्वारा एक विशेष जागरुकता संदेश रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. यह जागरुकता रथ शहर का भ्रमण कर लाउड़स्पीकर, पोस्टरों और संदेशों के माध्यम से आमजन, विशेषकर युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुक करेगा. इस अवसर पर एसडीओपी सुश्री पूजा शर्मा, रक्षित निरीक्षक उपेन्द्र यादव सीहोर, मनोज कुमार दुबे सहित समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे. यह अभियान आने वाले दिनों में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों, स्कूल-कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर भी सघन रूप से चलाया जाएगा.

# अधिकारियों की कमी से नगर पालिका के काम ठप्प

## ■ नियमित सीएमओ व उपयंत्री के पद खाली ■ प्रमाण पत्र और विकास कार्य प्रभावित

**नवभारत न्यूज**


**महाराजपुर, 17 जुलाई. महाराजपुर नगर पालिका में नियमित मुख्य नगर पालिका अधिकारी ( सीएमओ ) और उपयंत्री के पद लंबे समय से**

**जलभराव व सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल**

**रिक्त होने के कारण प्रशासनिक और विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं.**




प्रमाण पत्र, भवन निर्माण की स्वीकृति सहित कई जरूरी कार्य समय पर नहीं होने से लोगों को बार-बार नगर पालिका के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं. वर्तमान में हरपालपुर में पदस्थ सीएमओ को महाराजपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है.स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रभारी सीएमओ सप्ताह में केवल एक दिन या 10 से 15 दिन में एक बार कार्यालय पहुंचते हैं और केवल लंबित फाइलों पर हस्ताक्षर कर लौट जाते हैं.वहीं उपयंत्री का पद सेवानिवृत्ति के बाद से खाली होने के कारण निर्माण कार्यों की निगरानी और तकनीकी स्वीकृतियां भी प्रभावित हैं..मानसून के दौरान नगर की सफाई व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है. कई वार्डों में नालियां चोक होने से जलभराव और कीचड़ की समस्या बनी हुई है. लोगों का कहना है कि इससे आवागमन प्रभावित हो रहा है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है..स्थानीय नागरिकों ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ऐतिहासिक कुओं और बावड़ियों की साफ-सफाई व संरक्षण कार्यों की धीमी प्रगति पर भी नाराजगी जताई है. उन्होंने नगर पालिका में नियमित अधिकारियों की नियुक्ति कर व्यवस्थाओं में सुधार और विकास कार्यों में तेजी लाने की मांग की है.



# देश में नंबर-1 बना खजुराहो एयरपोर्ट

## ग्राहक संतुष्टि रैंकिंग में संयुक्त रूप से शीर्ष पर

**खजुराहो, 17 जुलाई.** एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ताजा कस्टमर सेटिस्फेक्शन रैंकिंग में मध्य प्रदेश के खजुराहो एयरपोर्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश के प्रमुख नॉन-मेट्रो एयरपोर्ट्स में संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल किया है.

**4.98 स्कोर के साथ औरंगाबाद के साथ साझा किया पहला स्थान**

खजुराहो एयरपोर्ट को 4.98 अंक मिले हैं और उसने महाराष्ट्र के औरंगाबाद एयरपोर्ट के साथ शीर्ष स्थान साझा किया है. वहीं मदुरै और विजयवाड़ा एयरपोर्ट दूसरे स्थान पर रहे.वहीं, कई वर्षों तक देश के शीर्ष एयरपोर्ट्स में शामिल रहने वाला उदयपुर एयरपोर्ट इस बार पहली बार टॉप-10 से बाहर हो गया है. उदयपुर को 4.86 अंक के साथ 12वीं रैंक मिली है।

> उल्लेखनीय है कि उदयपुर एयरपोर्ट वर्ष 2020, 2021 और 2022 में देश का सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट रह चुका है. वर्ष 2023 और 2024 में वह दूसरे स्थान पर रहा, जबकि 2025 में भोपाल और खजुराहो के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर था. इस बार राजस्थान में जोधपुर एयरपोर्ट 4.88 अंक के साथ 10वें स्थान पर सबसे आगे रहा, जबकि किशनगढ़ 13वें और जैसलमेर एयरपोर्ट 21वें स्थान पर रहा. खजुराहो एयरपोर्ट की इस उपलब्धि को मध्य प्रदेश के लिए बड़ी सफलता माना जा रहा है.

# पति-पत्नी ने कुएं में लगाई छलांग

## पति शराब के नशे में पत्नी के साथ अक्सर मारपीट करता था

**छतरपुर, 17 जुलाई.** ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम कैंड़ी में घरेलू विवाद के बाद पति-पत्नी द्वारा कुएं में छलांग लगाने का मामला सामने आया है.

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सकुशल बाहर निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया. चिकित्सकों के

**पहले पति फिर पत्नी भी कूदी**

**पुलिस ने दोनों की बचाई जान**

अनुसार दोनों की हालत फिलहाल स्थिर है.पुलिस के मुताबिक, दिल्ली में मजदूरी करने वाले परमलाल अहिरवार और उनकी पत्नी भागवती अहिरवार के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया. आरोप है कि नशे की हालत में परमलाल ने पत्नी के साथ मारपीट की. इसके बाद गुस्से में परमलाल कुएं में कूद गए, जबकि कुछ ही देर बाद भागवती ने भी उनके पीछे छलांग लगा दी.घटना की सूचना पर ओरछा रोड थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से दोनों को सुरक्षित बाहर निकालकर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा.



पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि परमलाल शराब के नशे में अक्सर पत्नी के साथ मारपीट करता था. मामले की जांच जारी है.

# ट्रक चालक को धमकाया

**छतरपुर, 17 जुलाई.** जिले के बमीठा थाना क्षेत्र में बंदूक की नोक पर ट्रक चालक और हेल्पर को धमकाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई है.

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कार और ट्रक के बीच कट लगने को लेकर हुए विवाद के बाद यह घटनाक्रम सामने आया. वायरल वीडियो में एक युवक हथियार लेकर ट्रक चालक और हेल्पर को धमकाता दिखाई दे रहा है, जबकि सहमा हुआ हेल्पर उसके पैर पकड़कर माफी मांगता नजर आ रहा है. सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर दावा किया जा रहा है कि हथियार लहराने वाला युवक सांदिनी गांव के सरपंच का बेटा रुद्र प्रताप सिंह बुंदेला है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और मामले की जांच जारी है. बमीठा थाना प्रभारी बाल्मीकि चौबे ने

**हथियार का लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू**

बताया कि घटना के संबंध में अब तक किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत नहीं मिली है. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया है। इसके बावजूद वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है.

## तेज रफ्तार बाइक ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 17 जुलाई.** शहर के सटई रोड स्थित बेहर हनुमान मंदिर के पास शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार बाइक ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी. टक्कर के बाद ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया, जिससे चालक और उसमें सवार लच्छू प्रजापति घायल हो गए। परिजनों के अनुसार, दोनों डाकघर के काम से जा रहे थे, तभी हादसा हुआ। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है.

## ▶ नन्दलालपुरा के पास रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**छतरपुर. 17 जुलाई. बमीठा थाना क्षेत्र के नयागांव निवासी 40 वर्षीय राजकुमार तिवारी, पिता लखन तिवारी, की नन्दलालपुरा के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।**

प्रारंभिक जानकारी में घटना को आत्महत्या की आशंका से जोड़कर देखा जा रहा है, हालांकि पुलिस ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है और सभी पहलुओं की जांच कर रही है .राजकुमार तिवारी क्षेत्र में अपने मिलनसार और सहयोगी स्वभाव के लिए जाने जाते थे. वे सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते

**प्रारंभिक तौर पर आत्महत्या की आशंका, जांच जारी**

थे और लोगों के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहते थे। उनकी अचानक मौत की खबर फैलते ही नयागांव सहित आसपास के गांवों में शोक की लहर दौड़ गई.बड़ी संख्या में परिजन, ग्रामीण और शुभचिंतक घटनास्थल एवं बाद में उनके घर पहुंचे. मृतक के पिता लखन तिवारी क्षेत्र के वरिष्ठ सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तित्व माने जाते हैं. पुलिस का कहना है कि घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

## चंदला में 22 को लगेगा युवा संगम रोजगार मेला

**छतरपुर.** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय आईटीआई और जिला उद्योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 22 जुलाई को सुबह 11 बजे से शासकीय महाविद्यालय चंदला में एक दिवसीय युवा संगम (रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिशिप मेला) आयोजित किया जाएगा. मेले में 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक और आईटीआई उत्तीर्ण युवक-युवतियां भाग ले सकेंगे। विभिन्न निजी कंपनियां भर्ती करेंगी, जिसमें चयनित अभ्यर्थियों को योग्यता के अनुसार 8 हजार से 25 हजार रुपये प्रतिमाह तक वेतन मिलने की संभावना है.

# कोचिंग सेंटर के बाहर हंगामे से रहवासी परेशान

## मारपीट, तेज रफ्तार मॉडिफाइड बाइक और असामाजिक गतिविधियों का आरोप

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर,17 जुलाई. शहर के सटई रोड स्थित गली नंबर 2 से 5 के बीच रहने वाले रहवासियों ने क्षेत्र में संचालित एक कोचिंग सेंटर के बाहर प्रतिदिन होने वाले हंगामे और असामाजिक गतिविधियों को लेकर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है.**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कोचिंग में आने वाले कुछ युवक आए दिन आपस में मारपीट और विवाद करते हैं, जिससे मोहल्ले का माहौल खराब हो रहा है और लोगों में भय का वातावरण बना हुआ है. रहवासियों के



अनुसार, हाल ही में हुई मारपीट की घटना का वीडियो भी सामने आया है. घटना की सूचना डायल-112 को दी गई थी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची. शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि वीडियो और आवेदन देने के बावजूद अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। हालांकि, पुलिस की ओर से मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कुछ युवक मॉडिफाइड साइलेंसर लगी बुलेट और अन्य बाइकों से संकरी गलियों में तेज रफ्तार वाहन चलाते हैं और स्टंट करते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है. उनका आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्व केवल माहौल बिगाड़ने और युवतियों का पीछा करने के उद्देश्य से क्षेत्र में आते हैं. मोहल्लावासियों ने प्रशासन से क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने, असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा कोचिंग सेंटर के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने की मांग की है. उनका कहना है कि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में कोई गंभीर घटना हो सकती है.

भक्ति

## नगर में गूंजे जय जगन्नाथ के जयकारे, महेंद्र सागर में हुआ पारंपरिक जल विहार

# श्रद्धा-उल्लास के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**छतरपुर, 17 जुलाई.** नगर में भगवान जगन्नाथ स्वामी की भव्य रथयात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई. रथयात्रा का शुभारंभ जगन्नाथ स्वामी मंदिर से वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ हुआ।

यात्रा राम मंदिर, चौक बाजार और बांके बिहारी मंदिर मार्ग सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली. रास्ते भर श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की पूजा-अर्चना कर पुष्पवर्षा से रथ का स्वागत किया..रथयात्रा के दौरान पूरा नगर भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। श्रद्धालु 'जय



जगन्नाथ' के जयकारे लगाते हुए भजन-कीर्तन करते चले. वहीं रामराजा व्यायामशाला के युवाओं ने हैरतअंगेज शारीरिक करतब प्रस्तुत कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा.यात्रा महेंद्र सागर (महेंद्र तालाब) पहुंची, जहां भगवान जगन्नाथ स्वामी का पारंपरिक जल विहार कराया गया. इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया.जल विहार के बाद रथयात्रा बस स्टैंड मार्ग से होते हुए पुन: जगन्नाथ स्वामी मंदिर पहुंची. यहां विशेष पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया. पूरे आयोजन के दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं की मौजूदगी से नगर में धार्मिक आस्था और उत्सव का माहौल बना रहा.

## जमीन विवाद में भिड़े दो पक्ष, 15 लोग गिरफ्तार

**छतरपुर, 17 जुलाई.** महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम फुलारी में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के 15 लोगों को गिरफ्तार किया है.घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग नहीं माने और विवाद की स्थिति बनी रही.महाराजपुर थाना प्रभारी डी.के. सिंह ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस की समझाइश के बावजूद दोनों पक्ष शांत नहीं हुए। कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए दोनों पक्षों के कुल 15 लोगों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की गई.

# किशोर पर चाकू से हमला

**छतरपुर, 17 जुलाई.** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर भंडारे से लौट रहे 15 वर्षीय किशोर पर चाकू से हमला कर दिया गया. घायल अनिकेत प्रजापति (15) निवासी फूला देवी मंदिर के पास, वार्ड क्रमांक 11 को गंभीर हालत में जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया गया है.

**ट्रॉमा वार्ड में भर्ती**

परिजनों के अनुसार, अनिकेत अपने बड़े भाई के साथ फूला देवी मंदिर में आयोजित भंडारे से लौट रहा था। रास्ते में कुछ युवकों से कहासुनी हुई, जिसे शांत करा दिया गया। आरोप है कि इसके कुछ देर बाद बाईपास रोड निवासी



मूलु अनुरागी ने पीछे से आकर अनिकेत की पीठ पर चाकू से तीन वार कर दिए। हमले में उसकी पीठ और हाथ के अंगूठे में गंभीर चोटें आईं.घटना के बाद परिजन घायल को सिटी कोतवाली थाना ले गए, जहां उसकी शिकायत पर मामला दर्ज किया गया. मेडिकल परीक्षण के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.